दैनिक भास्कर
दिनांक 19/02/2022

उन्हानी के महिला कॉलेज में एनएसएस कैंप संपन्न

# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रियंका को बेस्ट वॉलिंटियर तथा वर्षा को बेस्ट कैंपर

भास्कर न्यूज | कनीना




उन्हानी स्थित महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा नृत्य, रागिनी आदि की प्रस्तुति दी। प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव की अध्यक्षता तथा डॉ. सीमा देवी के निर्देशन में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर आयोजित किया गया था।

इस मौके पर मुख्य अतिथि आरपीएस के चेयरमैन डॉ. ओपी यादव रहे। एसडीएम सुरेंद्र कुमार ने एनएसएस के परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अति रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। छात्राओं ने इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा ने इस शिविर में स्वयं सेविकाओं के कार्यों तथा उन्हें दिए गए प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया। इस शिविर में प्रियंका को बेस्ट वॉलिंटियर तथा वर्षा को बेस्ट कैंपर चुना गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति के सदस्यों ने भी उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। प्राचार्य महोदय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक करके उन्हें अपने साथ समन्वित करके राष्ट्र के संवर्धन में अपनी भूमिका के निर्वहन के लिए प्रोत्साहित किया। मंच संचालन की प्रशंसनीय भूमिका डॉ. सुधीर यादव ने निभाई। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि महाविद्यालय परिवारजनों के सहयोग से ही वह इस शिविर को सुचारू रूप से संचालित कर पाई जिन्होंने यथासंभव इस कार्यक्रम में सहयोग दिया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.अंकिता, नीतू, कविता, सीमा, राजेश, हरपाल, अनिल, सोमेश चंद, मोनू यादव, बाबू कंवर सिंह यादव कनीना, पूनम आदि महाविद्यालय परिवारजन उपस्थित रहे।